# कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
## जिला–कोरिया (बैकुण्ठपुर) छत्तीसगढ़

E.Mail- cmhokorea@gmail.com

क्रमांक / 891 / एन.एच.एम. / 2026 बैकुण्ठपुर, दिनांक 12 / 06 / 2026

## संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन

छ0ग0 शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के पत्र कं0 RULE / 24 / 2026–GAD –3 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनाक 09.02.2026 द्वारा नवीन जिले के सीधी भर्ती मूल जिले से की जानी है के निर्देशानुसार कार्यालय, कलेक्टर सह जिला दंडाधिकारी जिला एम.सी.बी. छ0ग0 के पत्र कमांक / 1336 / एन.एच.एम. / कले. / 2026 मनेन्द्रगढ दिनांक 02.04.2026 द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत आर.ओ.पी. वर्ष 2025–26 मे स्वीकृत मानव संसाधन के आधार पर एम.सी.बी. जिले के रिक्त संविदा पदों की भर्ती कोरिया जिले से किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है। जिला कोरिया एवं एम.सी.बी मे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के अधीनस्थ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत रिक्त संविदा पदों पर भर्ती की जानी है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत जिला कोरिया एवं एम.सी.बी. के रिक्त संविदा पदों की भर्ती किये जाने हेतु इच्छुक आवेदक नीचे दिये आवेदन प्रारूप (अ) अनुसार **दिनॉक 13 / 06 / 2026 से दिनॉक.03 / 07 / 2026 को संध्या 05.00 बजे तक** कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, बैकुन्ठपुर, जिला कोरिया, छ0ग0 के पते में केवल पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट / रजिस्ट्री के माध्यम से ही भेजें अन्य माध्यमों से भेजे गये आवेदन स्वीकर नही होंगे। **जिला कोरिया हेतु** रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :–

| पद कोड | पदनाम | कार्यक्रम | एक मुश्त वेतनमान | रिक्त | अनारक्षित | | | अनुसुचित जनजाति | | | अन्य पिछडा वर्ग | | | अनुसुचित जाति | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | मुक्त | महिला | दिव्यांग | मुक्त | महिला | दिव्यांग | मुक्त | महिला | दिव्यांग | मुक्त | महिला | दिव्यांग |
| 1 | Dental Surgeons | NOHP | 27500/- | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | MO - AYUSH (RBSK) (M) | RBSK | 25000/- | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | MO - AYUSH (RBSK) (F) | RBSK | 25000/- | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | Physiotherapist | NHM | 18000/- | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | Nursing Officer (PHC) | NHM | 16500/- | 1 | 0 | 0 | | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | Nursing Officer (ICU) | NHM | 16000/- | 2 | 0 | 0 | 1 | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 7 | Community Health Officer | NHM | 16500/- | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 8 | 2nd ANM | NHM | 12000/- | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | Laboratory Technicians | RBSK | 14000/- | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | Pharmacists | RBSK | 16500/- | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | Counsellor | NHM | 12000/- | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | Instructor For Hearing Impaired Children | NPPCD | 15000/- | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | Lab Attendants/Assistant | NIDDCP | 8800/- | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 14 | Support Staff (Housekeeping staff) | NHM | 10000/- | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | Security Guard | NHM | 10000/- | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 16 | Class - IV - UHWC | UHWC | 10000/- | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 17 | Block Manager - DATA | NHM | 21000/- | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | Jr. Secretarial Assistant - PADA | NHM | 12000/- | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | Jr. Secretrial Assistant - LDC - NUHM | NUHM | 12000/- | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | Jr. Secretrial Assistant - LDC - UHWC | UHWC | 12000/- | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 21 | Secretrial Assistant - NHM | NHM | 13650 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

## जिला एम.सी.बी. हेतु रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है :–

| पद कोड | पदनाम | कार्यक्रम | एक मुश्त वेतनमान | रिक्त | अनारक्षित | | | अनुसुचित जनजाति | | | अन्य पिछडा वर्ग | | | अनुसुचित जाति | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | मुक्त | महिला | दिव्यांग | मुक्त | महिला | दिव्यांग | मुक्त | महिला | दिव्यांग | मुक्त | महिला | दिव्यांग |
| 1 | Dental Surgeons | NOHP | 27500/- | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | MO - AYUSH (RBSK) (M) | RBSK | 25000/- | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 3 | MO - AYUSH (RBSK) (F) | RBSK | 25000/- | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 4 | Physiotherapist | NHM | 18000/- | 3 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 5 | Nursing Officer (PHC) | NHM | 16500/- | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | Staff Nurse - NRC | NRC | 16000/- | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | Staff Nurse - SNCU | SNCU | 16000/- | 11 | 3 | 0 | 0 | 3 | 1 | 1 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 8 | Staff Nurse - NBSU | NBSU | 16000/- | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | Nursing Officer - UHWC | UHWC | 16500/- | 9 | 3 | 0 | 0 | 3 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 10 | Community Health Officer | NHM | 16500/- | 30 | 7 | 2 | 1 | 9 | 3 | 1 | 3 | 1 | 0 | 3 | 0 | 0 |
| 11 | 2nd ANM | NHM | 12000/- | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 12 | MPW (Male) - UHWC | UHWC | 14000/- | 9 | 3 | 0 | 0 | 3 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 13 | Laboratory Technicians ( BPHU) | BPHU | 14000/- | 5 | 2 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 14 | Laboratory Technicians | RBSK | 14000/- | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | Lab Supervisor (STLS) | NTEP | 17500/- | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 16 | STS | NTEP | 17500/- | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 17 | Pharmacists | RBSK | 16500/- | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 18 | TBHV | NTEP | 14000/- | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | Radiographer | NHM | 15000/- | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | Feeding Demonstrator | NRC | 12000/- | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 21 | Dental Assistant | NOHP | 12000/- | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 22 | Cook cum care taker | NRC | 8800/- | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 23 | Attendant - NRC | NRC | 8800/- | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 24 | Cleaner | SNCU | 8800/- | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 25 | Class - IV - UHWC | UHWC | 10000/- | 9 | 3 | 0 | 0 | 3 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 26 | Block Programme Manager | NHM | 26000/- | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 27 | Block Manager - Account | NHM | 21000/- | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 28 | Jr. Secretarial Assistant - PADA | NHM | 12000/- | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |
| 29 | Jr. Secretrial Assistant - LDC - NUHM | NUHM | 12000/- | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 30 | Jr. Secretrial Assistant - LDC - UHWC | UHWC | 12000/- | 9 | 3 | 0 | 0 | 3 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 |

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती हेतु शैक्षणिक योग्यता

| कं0 | पदनाम | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|
| 1 | Dental Surgeons | MDS With registration in chattisgarh Medical Council is compulsory/ BDS With registration in chattisgarh Medical Council is compulsory |
| 2 | MO - AYUSH (RBSK) | BAMS/BHMS/BUMS Degree Registration from any GOI Reconised (BAMS/BHMS/BUMS) Ayush, Homeo, Unani Registration Board & live registration in Chhattisgarh AyushBoard Registration Counseling |
| 3 | Physiotherapist | Bachelor's Degree in Physioterapy (B.P.T) संबंधित काउंसिल मे सजिस्टर्ड होना अनिवार्य है |
| 4 | Nursing Officer (PHC) (ICU) (SNCU) (UHWC) (NRC) (NBSU) | 01. B.Sc Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing 02. General Nursing and Midwifery (GNM) with CG Nursing Council registration (Final Merit list prepared on the basis of order of priority like 1 & 2 ) |
| 5 | Community Health Officer | **1.** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्युनिटि हेल्थ सम्मिलित बी.एस.सी. नर्सिग पाठ्यकम (BSC Nursing Certificate in Community Health Integreted Course) उत्तीण। **अथवा** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्युनिटि हेल्थ सम्मिलित पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिग पाठ्यकम (Post Basic BSC Nursing Certificate in Community Health Integreted Course) उत्तीण। अभ्यार्थी का छत्तीसगढ नर्सिंग काउंसिंल मे जीवित पंजीयन होने अनिर्वाय है। |
| 6 | 2nd ANM | 12th Passed, ANM passed & INC affiliated training center & live registration in Chhattisgarh Nursing Registration Counseling |
| 7 | MPW (Male) - UHWC | Must have passed Higher Secondary Examination (10+2) examination with Biology Subject. One Year Diploma in Multipurpose worker Training or Equivalent Training from Training center recognized by the state government with registered in chhattisgarh Paramedical Council. |
| 8 | Laboratory Technicians (BPHU) (RBSK) (NHM) | BMLT/DMLT and Pathology in para Medical Course Passed and Registration in Chhattisgarh Para Medical Council |
| 9 | Lab Supervisor (STLS) | 1. Graduate 2. Diploma in Medical Labroatory technology or equivalent from a Govt. recognized institution 3. permanent two Wheeler driving License & should be able to drive two Wheeler.4.Certificate course in computer opertions (minimum two months) (minimum one year experience) |
| 10 | STS | **1.** स्नातक अथवा सेनिटरी इस्पेक्टर कोर्स **2**. सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्पयूटर एप्लिकेशन **3**. दो पहिया वाहन चलाने का ड्राइविंग लाइसेंस एंव गाड़ी चलाना आना चाहिये<br>Preferential Qualification<br>1. ट्यूबरक्यूलोसिस हेल्थ विजिटर कोर्स, शासन से मान्यता प्राप्त संस्थान सम डिग्री/डिप्लोमा इन सोशल बर्क<br>2. मल्टी–परपज हेल्थ वर्कर कोर्स |
| 11 | Pharmacists (RBSK) | Degree or Diploma in Pharmacy (50%) & Registration in CG Nurse Registration Council |
| 12 | TBHV | 1. Graduate OR<br>2.Intermediate (10+2) & Experience of Working as MPW/ LHV/ANM/ Health Worker/ Certificate Course in Health Education Counselling<br>3. Tuberculosis Health visitors recognized Course.<br>4. Certificate course in Computer operation (mininmum 2 months) |
| 13 | Radiographer | (1) 10+2 पद्धति मे विज्ञान विषय के साथ 12 वी उत्तीर्ण होना चाहिये।<br>(2) क्ष–किरण तकनीशियन/रेडियोग्राफर का छत्तीसगढ शासन से मान्यता प्राप्त पैरामेडिकल पाठ्यकम उत्तीर्ण होना चाहिये।<br>(3) छत्तीसगढ पैरामेडिकल कैसिल से रेडियोग्राफर/क्ष–किरण तकनीशियन का जीवित पंजीयन होना चाहिये। |
| 14 | Feeding Demonstrator | BSC Home Science |
| 15 | Counsellor | PG Degree/Diploma in psychology/ Counseling/Health Education/Mass Communication/social Science |
| 16 | Instructor For Hearing Impaired Children | Diploma in Training young deaf and hearing handicapped (DTYDHH) form RCI recognized institute. |

| कं0 | पदनाम | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|
| 17 | Dental Assistant | 1. Matriculation (12 th Pass) From Recognised Board. (preference Can be given to candidates done 1yr. course of lab technician(dental Work Related) /hygienist or dental technicion from medical college. **Or** only Dental College/Govt. health facility Experience should be considered . |
| 18 | Lab Attendants/Assistant | 12th Pass in Biology & 2 Year Experience(Priority given to health related Experience) |
| 19 | Cook cum care taker | न्यूनतम शैक्षिणिक योग्यता (8 वीं) |
| 20 | Attendant - NRC | न्यूनतम शैक्षिणिक योग्यता (8 वीं) |
| 21 | Cleaner | न्यूनतम शैक्षिणिक योग्यता (8 वीं) |
| 22 | Class - IV - UHWC | 10th Passed |
| 23 | Support Staff (Housekeeping staff) | न्यूनतम शैक्षिणिक योग्यता (8 वीं) |
| 24 | Security Guard | 10th Passed (आयु सीमा 21 से 40 वर्ष एंव न्यूनतम ऊचाई 160 से.मी. होना अनिवार्य है।) अनुभव शायकीय/अर्द्ध शासकीय/निजि संस्था मे सेक्यूरीटी गार्ड के रूप में कार्य करने का 01 वर्ष का अनिवार्य है। अभ्यर्थी द्वारा निवास ग्राम/शहर अनुसार सरपंच/वार्ड पार्षद द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा |
| 25 | Block Programme Manager | MBA or MSW With (55%) + 1 year Computer Diploma |
| 26 | Block Manager - Account | 1 B-com (Minimum 55%) +1 year Computer Diploma (PGDCA) Knowlegded Tally |
| 27 | Block Manager - Data | (1) Gradute (55%) & PGDCA **OR**<br>(2) BCA (55%) |
| 28 | Jr. Secretarial Assistant - PADA | 12th Passed with at least 1 year Computer Diploma |
| 29 | Jr. Secretrial Assistant - LDC - NUHM | 12th Passed with at least 1 year Computer Diploma |
| 30 | Jr. Secretrial Assistant - LDC - UHWC | Graduate with at least one year Diploma in Computer Application |
| 31 | Secretrial Assistant - NHM | 12th Passed with at least 1 year Computer Diploma |

## नियम एवं शर्ते(अ)

***उपरोक्त समस्त पदों की नियुक्ति चयन प्रक्रियायें माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) कमांक 19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होगी। इस संबंध माननीय उच्चतम न्यायालय, के अंतरिम आदेश दिनांक 01.05.2023 का पैरा –4,5 एंव 6 निम्नानुसार है :–**

4. we therefore, permit the state to go ahead with the selection pocess and make appointment and promotions.

5. However, it is made clear that the same shall be Subject to the result of the petition.

6. All appointment and the promotion order shall specifically mentions that such appointments and promotions are subject to the final outcome of the present proceeding.

1. आवेदक आवेदन प्रस्तुत करते समय **कोरिया अथवा एम.सी.बी. जिले मे से जिस जिले हेतु आवेदन भर रहे हैं इसका स्पष्ट उल्लेख करें, आवेदन पत्र मे जिला का नाम उल्लेख नही होने पर आवेदन अमान्य होंगे।**
2. आवेदक द्वारा भरे गये आवेदन पत्र वाले लिफाफे के उपर कोरिया अथवा एम.सी.बी. जिले मे से जिस जिले हेतु आवेदन भर रहे हैं उस जिले का नाम, आवेदित पदनाम, एवं वर्ग (अनारक्षित/अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) का नाम अनिवार्य रूप से उल्लेख करें।
3. विज्ञापन जारी होने की तिथि मे समस्त शैक्षणिक एंव अन्य अर्हताएं पूर्ण होना अनिवार्य है, अन्यथा आवेदन पत्र तत्काल अस्वीकृत किया जावेगा। इस संबंध मे कोई पत्र व्यवहार मान्य नही होगा। किसी भी परिस्थिति मे आवेदन हेतु अंतिम तिथि के पश्चात कोई भी प्रमाण पत्र स्वीकार नही किया जावेगा। अतः अर्हता को सिद्ध करने वाले समस्त प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें अन्यथा आवेदन पर विचार नही किया जावेगा।
4. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में होना अनिवार्य है तथा आवेदन पत्र पर एक पासपोर्ट साईज का फोटो चस्पा करना अनिवार्य होगा एवं **दस्तावेज स्वप्रमाणित होना अनिवार्य होगा।** (आवेदन पत्र प्रारूप **अ** मे विज्ञापन के साथ मे संलग्न है)
5. उपरोक्त पदों पर आवेदन के समय मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल/शासकीय संस्था/विश्वविद्यालय का शैक्षणिक योग्यता शैक्षणिक योग्यता अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र व पंजीयन की स्वप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्यतः संलग्न करें।

6. विज्ञापित पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप व उक्त पदों की भर्ती के संबंध में समान्य शर्तें व दिशा निर्देश, सूची एवं भर्ती के संबंध मे समस्त जानकारी सिर्फ जिले की वेबसाइट WWW.**korea.gov.in** में देखी व डाउनलोड की जा सकेगी। **अन्य किसी माध्यम से अभ्यर्थियों को कोई भी जानकारी नही दी जावेगी।** भर्ती के संबंध मे जानकारी के लिये समय समय पर जिले के वेबसाइट WWW.**korea.gov.in** का अवलोकन करें।

7. **संविदा भर्ती के लिये न्यूनतम एंव अधिकतम आयु निम्नानुसार है :–**
   - प्रबंधकीय पद हेतु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 64 वर्ष
   - चिकित्सकीय पद हेतु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 70 वर्ष

   **(आयु की गणना विज्ञापन वर्ष के अनुबंध वर्ष के दिनॉक 01 जनवरी से की जावेगी।)**

8. सभी पद पूर्णतः संविदा आधारित है, जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ द्वारा जारी **मानव संसाधन नीति 2018** के अधीन है।

9. आवेदन निर्धारित प्रारूप मे पूर्णतः भरकर बंद लिफाफे में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कोरिया के पते पर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्री के माध्यम से ही स्वीकार किये जायेगें। अन्य किसी माध्यम से या सीधे आवेदन स्वीकार नही किया जावेगा।

10. **विज्ञापन जारी होने के उपरांत निर्धारित तिथि एवं समय तक आवेदन प्राप्त ना होने पर या अन्य किसी कारणवश विलंब या डाक द्वारा विलंब के लिये विभाग जिम्मेदार नही होगा। उक्त संबंध मे आवेदन स्वीकार/विचार नही किया जावेगा ना ही कोई अभ्यावेदन स्वीकार किया जावेगा।**

11. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप (अ) मे पूर्ण रूप से भरे, स्पष्ट एवं पूर्ण आवेदन पत्र ही स्वीकार किये जायेंगे। **अस्पष्ट, अपूर्ण भरे आवेदन पत्र अस्वीकार कर दिये जायेंगे।**

12. शैक्षणिक योग्यता जिस संस्था से प्राप्त है, उस संस्था का आवश्यकतानुसार यू.जी.सी., ए.आई.सी.टी.आई. एवं संबंधित काउंसिल से मान्यता प्राप्त होना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त अन्य संस्था अमान्य है (इस हेतु वेबसाईट https://www.ugc.ac.in का अवलोकन करें )।
   - **चयन प्रकिया निम्नानुसार होगी :–**

   **12.1 अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता** (स्नातक/स्नातकोत्तर जो भी अनिवार्य हो उसके सभी वर्षो के कुल प्राप्तांकों के आधार पर) की गणना अनिवार्य शिक्षा की पूर्ण अवधि मे अर्जित कुल प्राप्तांकों के प्रतिशत के आधार पर पदनाम वार दिए गए सारिणी अनुसार किया जायेगा।

   **12.2 कौशल परीक्षा**– 20 अंक (पद के अनुरूप लिखित/कम्प्यूटर बेस्ड/साक्षात्कार आदि के स्वरूप मे कौशल परीक्षा ली जावेगी)

   **12.3 अनुभव – 10/15/20 अंक**

   अनुभव 10/15/20 अंक संबंधित पदों के ही मान्य किये जावेंगे। (एन.एच.एम. छत्तीसगढ़ अंतर्गत कार्यरत अभ्यर्थियों को (प्रत्येक वर्ष हेतु 03 अंक) अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को (प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक अधिकतम 10 अंक) एवं मितानिनों को ए0एन0एम0 के पदों पर नियमानुसार अधिकतम 20 अंक का प्रावधान है।

   *** सारिणी–अनुभव एवं बोनस अंक हेतु–**

| अनुभव अंक 10/15/20 | बोनस 10 अंक |
|---|---|
| 1. **ए.एन.एम. प्रशिक्षण प्राप्त मितानिन अभ्यर्थियो हेतु :–**<br>अनुभव अधिकतम 20 अंक (प्रत्येक वर्ष पूर्ण होने पर 04 अंक अधिकतम 05 वर्षो हेतु 20 अंक) अनुभव प्रमाण पत्र राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र रायपुर का ही मान्य होगा।<br>2. **राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ अंतर्गत कार्यरत अभ्यर्थियो हेतु :–**<br>अनुभव अधिकतम 15 अंक (प्रत्येक वर्ष पूर्ण होने पर 03 अंक अधिकतम 05 वर्षो हेतु 15 अंक )<br>3. **अन्य अभ्यर्थियो हेतु (ऐसे अभ्यर्थी जो मितानिन/राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत् नही रहे हैं।)**<br>अनुभव अधिकतम 10 अंक (प्रत्येक वर्ष पूर्ण होने पर 02 अंक अधिकतम 05 वर्षो हेतु 10 अंक ) | संचालक, स्वास्थ्य सेवाये, छत्तीसगढ के पत्र कमांक/स्था.अवि./2024/124 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 31.01.2024 मे प्राप्त निर्देशानुसार कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त एवं 06 माह तक लगातार सेवा देने वाले अस्थायी स्वास्थ्य कर्मियों को विभाग के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदों पर चयन हेतु 10 बोनस अंकों का लाभ दिया जावेगा। |

13. अनुभव प्रमाण पत्र (**आवेदित पद से संबंधित**) केवल शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं शासकीय वित्तीय सहायता प्राप्त संस्थाओं के ही मान्य होगें। पद से संबंधित अनुभव होने पर ही अभ्यर्थी को नियमानुसार अनुभव अंक प्रदान किये जायेंगें। निःशुल्क सेवा अथवा शासकीय निधि से भुगतान नहीं किये गए पदो के अनुभव अंक मान्य नहीं किये जायेंगे। अनुभव /अनापत्ति प्रमाण पत्र संबंधित पद का नियोक्ता अधिकारी द्वारा जारी नियुक्ति आदेश देना अनिवार्य है यदि संमंभव हो वेतनमान की प्रर्ति संलग्न करे। अन्यथा अनुभव का अंक अमान्य किया जावेगा।

14. अनिवार्य अनुभव वाले पदों हेतु मान्यता प्राप्त निजी संस्थान से प्राप्त कार्य अनुभव को मान्य करते हुए अभ्यर्थियों को पात्र सूची में सम्मिलित किया जावेगा किन्तु उन्हे अनुभव का अंक प्रदाय नहीं किया जावेगा।

15. कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त एवं 06 माह तक लगातार सेवा देने वाले अस्थाई स्वास्थ्य कर्मियों को 10 बोनस अंक दिया जाना है एवं सामान्य स्थिति में नियुक्त संविदा (अनियमित) कर्मचारी है उन्हे अनुभव के अधिकतम 15 अंक तक दिया जाना हैं। **इस प्रकार एक ही कर्मचारी को दोनों अनुभव के अंक नहीं दिया जायेगा।**

16. **पद के अनुरूप कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार**

**16.1** कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार– 20 अंक

**16.2** प्राप्त आवेदन एवं दस्तावेजों के आधार पर ही स्कूटनी कर अभ्यर्थियों की पात्र/अपात्र सूची तैयार कर दावा आपत्ति हेतु जिले के वेबसाइट पर अपलोड की जावेगी।

**16.3** दावा–आपत्तियों हेतु अभ्यर्थियों को एक निश्चित समय दिया जायेगा। आवेदन/सूची में त्रुटियों की स्थिति में जिला स्तर पर समिति इन दावा–आपत्ति का निराकरण कर निर्णय लेगी तथा पात्र एवं अपात्र अभ्यार्थियों की सूची जारी करेगी।

**16.4** स्कीनिंग/कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार परीक्षा लिये जाने के संबंध में – निर्धारित समय सीमा में प्राप्त आवेदन पत्रों की जांच/स्क्रूटनी कर पात्र अभ्यर्थियों की वरीयता क्रम सूची बनाई जायेगी एवं निम्नानुसार विज्ञापित पदों की संख्या के आधार पर अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा/साक्षात्कार हेतु आहूत किया जावेगा।

| क्र. | कुल विज्ञापित पदों की संख्या | स्क्रीनिंग/साक्षात्कार लिये जाने हेतु अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 1 से 10 होने पर | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना |
| 2 | 11 से 50 होने पर | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 05 गुना |

17. **मेरिट सूची निम्नांकित आधार पर बनाई जावेगी** :–

A. **कौशल परीक्षा हेतु**

| शैक्षणिक योग्यता | + | अनुभव के अंक/बोनस का अंक |
|---|---|---|

B. **अंतिम मेरिट सूची हेतु–**

| क0 | विज्ञापित पदनाम | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता का अंक | अनुभव अंक 10/15/20 अंक एवं बोनस अंक 10 | कौशल/लिखित परिक्षा का अंक | शैक्षणिक योग्यता +अनुभव+कौशल परिक्षा = कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Dental Surgeons | शैक्षणिक योग्यता (स्नातक) का 65% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 20 | 65+15+20= 100 |
| 2 | MO - AYUSH (RBSK) | शैक्षणिक योग्यता (स्नातक) का 65% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 20 | 65+15+20= 100 |
| 3 | Physiotherapist | शैक्षणिक योग्यता (स्नातक) का 65% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 20 | 65+15+20= 100 |
| 4 | Nursing Officer (PHC) (ICU) (SNCU) (UHWC) (NRC) (NBSU) | शैक्षणिक योग्यता (स्नातक) का 65% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 20 | 65+15+20= 100 |
| 5 | Community Health Officer | शैक्षणिक योग्यता (स्नातकोत्तर/स्नातक) का 65% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 20 | 65+15+20= 100 |
| 6 | 2nd ANM | शैक्षणिक योग्यता का 60% | 10/15/20 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 20 | 60+20+20= 100 |
| 7 | MPW (Male) - UHWC | शैक्षणिक योग्यता का 65% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 20 | 65+15+20= 100 |

| क्र0 | विज्ञापित पदनाम | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता का अंक | अनुभव अंक 10/15/20 अंक एवं बोनस अंक 10 | कौशल/लिखित परिक्षा का अंक | शैक्षणिक योग्यता +अनुभव+कौशल परिक्षा = कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | Laboratory Technicians (BPHU) (RBSK) (NHM) | तकनीकी शिक्षा का 65% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 20 | 65+15+20= 100 |
| 9 | Lab Supervisor (STLS) | तकनीकी शिक्षा का 65% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 20 | 65+15+20= 100 |
| 10 | STS | तकनीकी शिक्षा का 65% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 20 | 65+15+20= 100 |
| 11 | Pharmacists (RBSK) | तकनीकी शिक्षा का 65% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 20 | 65+15+20= 100 |
| 12 | TBHV | तकनीकी शिक्षा का 65% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 20 | 65+15+20= 100 |
| 13 | Radiographer | तकनीकी शिक्षा का 65% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 20 | 65+15+20= 100 |
| 14 | Feeding Demonstrator | तकनीकी शिक्षा का 65% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 20 | 65+15+20= 100 |
| 15 | Counsellor | शैक्षणिक योग्यता (स्नातकोत्तर/स्नातक) का 65% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 20 | 65+15+20= 100 |
| 16 | Instructor For Hearing Impaired Children | शैक्षणिक योग्यता (स्नातकोत्तर/स्नातक) का 65% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 20 | 65+15+20= 100 |
| 17 | Dental Assistant | शैक्षणिक योग्यता (स्नातकोत्तर/स्नातक) का 65% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 20 | 65+15+20= 100 |
| 18 | Lab Attendants/Assistant | शैक्षणिक योग्यता का 85% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 0 | 85+15= 100 |
| 19 | Cook cum care taker | शैक्षणिक योग्यता (8 वीं) का 85% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 0 | 85+15= 100 |
| 20 | Attendant - NRC | शैक्षणिक योग्यता (8 वीं) का 85% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 0 | 85+15= 100 |
| 21 | Cleaner | शैक्षणिक योग्यता (8 वीं) का 85% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 0 | 85+15= 100 |
| 22 | Class - IV - UHWC | शैक्षणिक योग्यता (10 वीं) का 85% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 0 | 85+15= 100 |
| 23 | Support Staff (Housekeeping staff) | शैक्षणिक योग्यता (8 वीं) का 85% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 0 | 85+15= 100 |
| 24 | Security Guard | शैक्षणिक योग्यता (10 वीं) का 85% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 0 | 85+15= 100 |
| 25 | Block Programme Manager | शैक्षणिक योग्यता (स्नातकोत्तर/स्नातक) का 65% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 20 | 65+15+20= 100 |
| 26 | Block Manager - Account | शैक्षणिक योग्यता (स्नातकोत्तर/स्नातक) का 65% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 20 | 65+15+20= 100 |

| क्र0 | विज्ञापित पदनाम | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता का अंक | अनुभव अंक 10/15/20 अंक एवं बोनस अंक 10 | कौशल/लिखित परिक्षा का अंक | शैक्षणिक योग्यता +अनुभव+कौशल परिक्षा = कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 27 | Block Manager - Data | शैक्षणिक योग्यता (स्नातकोत्तर/स्नातक) का 65% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 20 | 65+15+20= 100 |
| 28 | Jr. Secretarial Assistant - PADA | शैक्षणिक योग्यता (12 वीं) का 65% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 20 | 65+15+20= 100 |
| 29 | Jr. Secretrial Assistant - LDC - NUHM | शैक्षणिक योग्यता (12 वीं) का 65% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 20 | 65+15+20= 100 |
| 30 | Jr. Secretrial Assistant - LDC - UHWC | शैक्षणिक योग्यता (12 वीं) का 65% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 20 | 65+15+20= 100 |
| 31 | Secretrial Assistant - NHM | शैक्षणिक योग्यता (12 वीं) का 65% | 10/15 अंक अथवा बोनस अंक 10 | 20 | 65+15+20= 100 |

**18.** अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के **कुल अंकों का 30 प्रतिशत अंक अर्जित करना अनिवार्य होगा, 30 प्रतिशत अंक अर्जित नही करने की दशा मे अभ्यर्थी को अपात्र माना जायेगा।**

**19.** डाटा संबंधित पदों के सभी अभ्यर्थियों को कम्प्युटर/लेपटाप पर दिये गये विषय अनुसार कौशल परीक्षा (20 अंक का) देना होगा, इस हेतु समय निर्धारित रहेगा।

**20.** सेवा प्रदाता (क्लीनिकल) पदों हेतु स्किल आधारित टेस्ट का आयोजन किया जाकर भर्ती की जावेगी।

**21.** प्रत्येक पद के आवेदन पत्र के साथ निर्धारित आवेदन शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा **DISTRICT HEALTH SOCIETY-NON-NRHM FUND** के नाम से जारी डीडी (Demand Draft) बनाकर आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

22. **आवेदन शुल्क का विवरण निम्न प्रकार हैं :–**

| वर्ग | मानदेय प्रतिमाह <= 25000 | मानदेय प्रतिमाह > 25000 |
|---|---|---|
| विकलांग/अ.जा./अ.ज.जा. | 100 रू. | 200 रू. |
| अन्य पिछड़ा वर्ग/महिला | 200 रू. | 300 रू. |
| अनारक्षित संवर्ग | 300 रू. | 400 रू. |

**23.** शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था अथवा निजी संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को उन संस्थाओं के नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा। अन्यथा आवेदन विचारणीय नहीं होगा।

**24.** प्रशासकीय कारणों से अधिसूचित रिक्तियों मे पदों की संख्या बढाई एंव घटाई जा सकती है या निरस्त किया जा सकता है। जिसका अधिकार अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति का होगा।

**25.** भर्ती प्रकिया के दौरान शासन/विभाग द्वारा नियम एवं शर्तों मे परिवर्तन होने पर आवेदकों को मान्य होगा। इसकी जानकारी जिले की वेबसाईट www.korea.gov.in पर उपलब्ध कराई जायेगी।

**26.** चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात किसी भी समय नोटिस देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार उक्त अभ्यर्थी को त्याग पत्र देने के पूर्व एक माह सूचना देना होगा अन्यथा एक माह का वेतन जमा करना होगा।

**27.** उपरोक्त संविदा अवधि 31 मार्च 2027 तक के लिए होगी। कार्य मूल्यांकन संतोषजनक होने की स्थिति में उक्त अवधि की वृद्धि की जा सकती है। नियमित भर्ती किये जाने पर संविदा पद स्वतः निरस्त हो जायेंगे।

**28.** वार्षिक कार्य आधारित मुल्यांकन में योग्य पाये जाने पर संविदा अवधि, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग., द्वारा स्वीकृत अवधि के लिए बढ़ाया जा सकेगा।

29. ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवा अनुशासनहीनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन या अन्य किसी भी शासकीय विभाग द्वारा सेवा समाप्त की गयी है, चाहे वह किसी भी पद पर रहे हों, उन्हे अपात्र उम्मीदवारों की श्रेणी मे रखा जावेगा।

30. चयन उपरांत सभी चयनित उम्मीदवारो को 50 रूपये का अनुबंध पत्र (बॉण्ड) भरना होगा।

30. विज्ञापित पदों की संख्या में बैकलॉग पद शामिल हैं एवं पदों की संख्या में आवश्यकतानुसार परिवर्तन हो सकता है।

32. उक्त पदो के लिये प्रवर्गवार प्रतीक्षा सूची भी जारी किया जायेगा, जिसकी वैधता चयन सूची के प्रकाशन की तिथि से आगामी अधिकतम एक वर्ष अथवा नवीन भर्ती के विज्ञापन जारी होने तक रहेगी। ताकि भविष्य में रिक्त होने वाले पद तत्काल भरे जा सके।

33. उक्त संविदा पद अस्थानांतरणीय होंगे तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल मे उपस्थिति देना एवं मुख्यालय निवास करना अनिवार्य होगा।

34. उपरोक्त पदों पर भर्ती के दौरान उत्पन्न किसी भी विवाद एवं समस्याओं पर अंतिम निर्णय कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, जिला कोरिया का होगा।

35. योग्य उम्मीदवार नही होने की दशा में चयन समिति द्वारा भर्ती निरस्त कर पुनः पद विज्ञापित कराया जा सकता है।

**(ब) आवेदन पत्र दिये गये प्रारूप मे समस्त दस्तावेजों के साथ जमा करना अनिवार्य है–**

1– 08 वीं अंकसूची
2– 10 वीं अंकसूची (जन्म तिथि के प्रमाण पत्र हेतु)।
3– 12 वीं अंकसूची।
4– संबंधित पद हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता की समस्त वर्षों की अंकसूची।
5– संबंधित पद हेतु वांछनीय शैक्षणिक योग्यता की समस्त वर्षों की अंकसूची।
6– मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से प्राप्त स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधि/प्रमाण पत्र।
7– अहर्तानुसार अनिवार्य तकनीकी शैक्षणिक योग्यता संबंधी डिग्री।
8– संबंधित कौंसिल/रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र।
9– सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति/निवास प्रमाण पत्र। (आवश्यकता होने पर उच्चस्तरीय छानबीन समिति द्वारा अभिप्रमाणित प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा)
10– छ.ग. राज्य संबंधी मूल निवास प्रमाण पत्र।
11– पहचान–पत्र। (आधार कार्ड/वोटर आई. डी. कार्ड/पेन कार्ड/ड्राइविंग लायसेंस आदि जिसमें अभ्यर्थियों का नाम, पता, फोटो हो)
12– यदि दिव्यांग है तो (दिव्यांगता प्रमाण पत्र)
13– कार्य अनुभव प्रमाण पत्र एवं नियुक्ति आदेश की प्रति।
14– अन्य संबंधित दस्तावेज/विशेष छूट हेतु प्रमाण पत्र।

**(स) भर्ती के संबंध में सामान्य शर्ते एवं दिशा–निर्देश–**

1. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों/दस्तावेजों की जाँच की जाएगी, इसमें सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

2. संविदा मानदेयः– संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय व अन्य राशि प्रावधानित आर.ओ.पी. अनुसार देय होगा, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा।

3. **विशेष आरक्षण अर्हता रखने वाले (दिव्यांग/भूतपूर्व सैनिक/महिला आरक्षण नियमानुसार होगी।)** अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। अन्यथा ऐसे अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र में प्रमाण पत्र संलग्न न होने की स्थिति में सामान्य श्रेणी में सम्मिलित किया जावेगा। **भूतपूर्व सैनिक/महिला के अभ्यर्थी नही मिलने पर उसी प्रवर्ग के अन्य अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।**

**4. भूतपूर्व सैनिक के अभ्यर्थियों हेतु सामु0 स्वा0 अधिकारी के पद में 02 पद आरक्षित है जिसमें आनारक्षित वर्ग 01 पद एवं अ0ज0जा0 वर्ग 01 पद है जिसमें भूतपूर्व सैनिक द्वारा इस पद हेतु समस्त अहार्ताए पूर्ण करने पर चयन किये जाने हेतु प्राथमिकता दी जावेगी।**

5. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को स्थाई जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

**6. एक अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक पदों हेतु आवेदन करने पर पृथक–पृथक आवेदन पत्र प्रस्तुत करना तथा आवेदन शुल्क पृथक–पृथक जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा ऐसे अभ्यर्थियों को अपात्र की श्रेणी में रखा जावेगा।**

7. विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जावेंगे।

8. विज्ञापित पदों की संख्या में नवीन एवं बैकलॉग पद शामिल हैं, पदों की संख्या में आवश्यकतानुसार परिवर्तन हो सकता है।

9. दिव्यांग आवेदकों को चिकित्सा प्राधिकारी, (चिकित्सा प्राधिकारी, जो सरकारी सेवक नहीं है, के द्वारा जारी प्रमाण–पत्र की दशा में प्रारुप चार मे मुख्य चिकित्सा अधिकारी / चिकित्सा अधीक्षक / सरकारी अस्पताल के प्रधान का प्रतिहस्ताक्षर और मोहर) जिला मेडिकल बोर्ड से प्राप्त स्थाई जीवित प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा, केवल ऐसे व्यक्ति सेवाओं / पदों में आरक्षण के लिए पात्र होंगे जो कम से कम 40 प्रतिशत संगत निःशक्तता से ग्रस्त हों।

10. छत्तीसगढ़ राजपत्र, समाज कल्याण विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के अधिसूचना कमांक / WELF-3008/25/2025-SOCIAL WELFARE - में दिये गये निदेशानुसार ए.एन.एम. पदों हेतु LV,OA,OL,DW,HH,AAV,LC तथा स्टॉफ नर्स एवं सी.एच.ओ. पद हेतु OA,OL,DW, LC,AAV,MDY निःशक्तता का प्रकार निर्धारित किया गया है।(OL- One leg, OA - one Arm, LV- LOW VISION, DW-Dwarfism, HH-Hard of hearing, AAV-Acid Attack Victims,LC-Leprosy cured, MDY- Mudcular Dystrophy) इन्हीं अभ्यर्थियों में से चयन किया जायेगा।

11. आवेदको के द्वारा किये गये आवेदन अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण होने पर मान्य नही किये जायेंगे। जिन पदों हेतु आवेदन भरे जाने हैं लिफाफे के उपर उस पद एवं जिस जिले हेतु आवेदन किया गया है उस जिले का नाम स्पष्ट रूप से अंकित करना अनिवार्य है।

12. छ0ग0 शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर का पत्र क्र0 RULE / 24 / 2026–GAD –3 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनाक 09.02.2026 द्वारा नवीन जिले के सीधी भर्ती के संबध मे दिये गये निर्देशानुसार एम.सी.बी जिले के रिक्त संविदा पदों की भर्ती प्रकिया पूर्ण कर पद अनुसार चयन सूची कलेक्टर जिला एम.सी. बी. को अंतरित किया जायेगा तथा उक्त पदों के नियुक्ति संबंधी आदेश उनके द्वारा जारी किये जाने की कार्यवाही की जावेगी।

13. जिन पदों की **शैक्षणिक योग्यता या अंकसूची मे ग्रेड अंकित है** ऐसे अभ्यर्थियों को अपने शिक्षण संस्थान के सक्षम अधिकारी के द्वारा प्राप्तांक एवं पूर्णांक की गणना अंको मे कराकर आवेदन मे अंकित किया जाना अनिवार्य है एवं आवेदन के साथ गणना पत्रक संलग्न किया जावे।

14. भर्ती के दौरान अंतिम मेरिट सूची मे अगर 02 या 02 से अधिक अभ्यर्थियों के कुल प्राप्तांक समान हो जाते हैं तो उनके चयन मे अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दिया जायेगा।

15. अभ्यर्थी के द्वारा आवेदन पत्र **प्रारूप (अ)** मे स्वंय का हस्ताक्षर करना अनिर्वाय है **हस्ताक्षर नही होने के दशा मे आवेदन निरस्त किया जावेगा।**

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला–कोरिया (बैकुण्ठपुर) छ0ग0**